सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 228 | इंदौर, मंगलवार 04 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कमलनाथ पर उंगली उठाई तो लाखों लाशें...

### बंटी साहू के बयान पर भड़के कांग्रेस विधायक, दे दी बड़ी चेतावनी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** सांसद विवेक बंटी साहू और पूर्व सीएम कमलनाथ के बयान को लेकर पहले ही राजनीति गरमाई हुई है। अब कांग्रेस के प्रदर्शन में सौसर के विधायक विजय चौरे ने भी बड़ी बात बोल दी है। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि कलेक्टर, एसपी सुन ले, यदि कमलनाथ जी पर उंगली उठी तो यहां पर छिंदवाड़ा में लाखों लाशें बिछ जाएंगी।

विधायक विजय चौरे सिर्फ यहीं नहीं रुके। उन्होंने सांसद पर रेत चोरी करने का आरोप लगाया और भाजपा सरकार को भ्रष्टाचारी सरकार बताया। छिंदवाड़ा में सभी कांग्रेस विधायक इस प्रदर्शन में शामिल हुए, जिन्होंने एक रैली निकालकर कमलनाथ के खिलाफ सांसद की टिप्पणी का जोरदार विरोध किया। विधायक के इस बयान को लेकर एक बार सियासी घमासान मच सकता है। हालांकि, इस बयान के जवाब में भाजपा की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन जिस तरह से बयानबाजी हो रही है, उससे छिंदवाड़ा की राजनीतिक गर्मी बढ़ गई है।

### यहां से शुरु हुआ विवाद

बता दें कि कमलनाथ छिंदवाड़ा के हर्रई पहुंचे थे, जहां उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर टीआई को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि पुलिस वाले बीजेपी का बिल्ला सर पर लगा कर घूम रहे हैं। देखते हैं कितने दिनों तक ऐसे चलता है। एक बार फिर हमारा समय आएगा। इसके बाद सांसद विवेक बंटी साहू ने कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि यदि वर्दी ने उनकी धुलाई कर दी तो वह कहां जाएंगे। सांसद के इस बयान का आज जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। जिसमें सौसर विधायक ने लाशें बिछाने का बयान दे दिया।

### सीएम बोले-

# शराब नहीं दूध की दुकानें खुलनी चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी। कुबेरेश्वर धाम में सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव का समापन हुआ। शुरुआत 25 फरवरी को हुई थी। समापन में सीएम डॉ. मोहन यादव भी पहुंचे। उन्होंने मंच पर पहुंचकर पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया। फिर श्रद्धालुओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा- मैं कहना चाहता हूं कि कुपोषण महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं से नहीं बल्कि गाय पालन से दूर होगा। मेरा मानना है कि शराब की दुकानों की जगह दूध की दुकानें खोली जानी चाहिए।**

उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्य की बात है कि शिप्रा नदी बरसाती नदी है और मार्च के महीने में ही सूख जाती है। लेकिन मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगला



सिंहस्थ जब होगा, तो हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि लोग शिप्रा के पानी में ही स्नान करेंगे।' मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही है। प्रदेश सरकार कल्याणी बहनों के पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपए प्रदान करेगी। ताकि बहनों का फिर से घर बस सके और उनके जीवन में खुशियां आए। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण धार्मिक एवं तीर्थ-स्थानों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में क्षिप्रा का पानी सूख जाता है। क्षिप्रा को पूरे साल प्रवहमान बनाये रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना बनाई है। प्रदेश सरकार ने धार्मिक स्थलों वाले 19 स्थानों में शराब की दुकानें बंद करने का निर्णय लिया इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाया है।

### इंदौर में सड़क हादसों के मामले बढ़े

# एक महीने में 671 रोड एक्सीडेंट

## ◆एंबुलेंस 108 पर बढ़ रहा दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे 108 एंबुलेंस सेवा पर दबाव बढ़ गया है। जनवरी के महीने में इस सेवा के माध्यम से 671 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जो विभिन्न दुर्घटनाओं में घायल हुए थे। इसके अलावा, 2662 मरीजों को 108 एंबुलेंस सेवा द्वारा 15 से 20 मिनट के भीतर स्वास्थ्य लाभ दिलाया गया। वहीं, अस्पताल से मरीजों को लाने और ले जाने की सुविधा 1822 लोगों को प्रदान की गई।**

108 एंबुलेंस सेवा के साथ-साथ 54




जननी सुरक्षा एंबुलेंस भी शहर और ग्रामीण इलाकों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इनमें से 34 एंबुलेंस ग्रामीण क्षेत्रों में और 20 शहरी क्षेत्रों में तैनात हैं। इनमें 7 एंबुलेंस ऐसी हैं जो कार्डियक अरेस्ट और अन्य गंभीर मामलों के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं। हालांकि, इंदौर की बढ़ती आबादी और दुर्घटनाओं की संख्या को देखते हुए यह सेवा अपर्याप्त मानी जा रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 108 एंबुलेंस सेवा का सबसे अधिक उपयोग गर्भवती महिलाओं और सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए मरीजों के लिए किया गया है। जनवरी में 921 गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, 671 मरीज सड़क दुर्घटनाओं और अन्य हादसों में घायल होने के कारण अस्पताल भेजे गए। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी इलाकों में हादसों की संख्या अधिक देखी गई है। शहरी क्षेत्रों में हार्ट अटैक, मिर्गी और सड़क दुर्घटनाओं के 352 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जहां मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए 108 एंबुलेंस सेवा सक्रिय रही।

### जहर खाने वाले 42 मरीजों की जान बचाई

आपातकालीन स्थिति में 108 एंबुलेंस सेवा के साथ-साथ जननी सुरक्षा और बेसिक मेडिकल सुविधाओं से लैस एंबुलेंस भी काम कर रही हैं। जननी सुरक्षा योजना के तहत 18 वाहन गर्भवती महिलाओं के लिए तैनात किए गए हैं। जनवरी के आंकड़ों पर नजर डालें तो पेट से जुड़ी बीमारियों के 125 मरीजों को अस्पताल पहुंचाया गया। हार्ट अटैक के 58 मामले सामने आए, जबकि 42 लोग जहर खाने के कारण अस्पताल लाए गए, जहां समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बचाई जा सकी। इसके अलावा, स्ट्रोक और श्वसन संबंधी समस्याओं के 70 से अधिक मरीजों को 108 एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। नवजात शिशुओं की गंभीर स्थिति या कुपोषण के मामलों में भी इस सेवा का उपयोग किया गया। बीते महीने ऐसे 106 मामले सामने आए थे, जिनमें नवजातों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। इंदौर में बढ़ते हादसों और आपातकालीन स्थितियों को देखते हुए चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करना आवश्यक हो गया है। 108 एंबुलेंस सेवा शहर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन बढ़ती जरूरतों को देखते हुए इसमें और सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# हाजी कॉलोनी में चला निगम का बुलडोजर

## 5 हजार स्क्वायर फीट का अवैध निर्माण तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना में सोमवार को नगर निगम के अमले ने 5 हजार स्क्वायर फीट पर बना अवैध निर्माण तोड़ दिया। टीम पूरे दलबल के साथ यहां पहुंची और कार्रवाई की। कार्रवाई के पूर्व टीम ने रास्ते पर जेसीबी लगाकर रास्ता भी बंद कर दिया गया। ये पूरी कार्रवाई नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई।**

जोन क्रमांक 19 के वार्ड क्रमांक 38 खजराना क्षेत्र के जुबेर पिता सलीम भाई और अन्य ने 12 हाजी कॉलोनी बड़ा मदरसे के सामने खजराना में लगभग 5 हजार स्क्वायर फीट प्लाट पर तीन मंजिला बिल्डिंग निर्माणाधिन थी। उस अवैध निर्माण के काम को रोकने के लिए और अवैध निर्माण हटाने के लिए निगम ने नोटिस जारी किए थे, इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ता ने न तो निर्माण रोका गया और ना ही अवैध निर्माण हटाया। इस पर आयुक्त वर्मा के निर्देश पर कार्रवाई की। अपर आयुक्त लता अग्रवाल ने बताया कि, कमर्शियल बिल्डिंग बनाई जा रही थी, जिसकी परमिशन नहीं ली गई थी। कमिश्नर को शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। सोमवार को नगर निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए तीन पोकलेन मशीन और जेसीबी और दलबल के साथ यहां पहुंची। टीम ने जेसीबी लगाकर रास्ते बंद कर दिए और कार्रवाई शुरू की। टीम ने यहां हाजी कॉलोनी में बेसमेंट जी प्लस टू का अवैध निर्माण काम को जमींदोज कर दिया। इस दौरान अपर आयुक्त लता अग्रवाल, जोन अधिकारी और भवन अधिकारी प्रभात तिवारी, रिमूवल प्रभारी अश्विनी बबलू कल्याण, रिमूवल की टीम और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# होली-फाग उत्सव 9 मार्च को

◆ झाबुआ के आदिवासी करेंगे भगोरिया नृत्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री अग्रसेन महासभा इंदौर द्वारा 9 मार्च को ओम सांई गोयल रिसोर्ट निपानिया में होली और फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा। समारोह में सुगंधित फूलों और इत्र से होली खेली जाएगी। आगंतुकों का स्वागत टेशु के फूलों से किया जाएगा। झाबुआ से आए आदिवासी कलाकार ढोल और मांदल की थाप पर भगोरिया लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे।**

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण हास्य कवि सम्मेलन होगा। इसमें कानपुर से हेमंत पांडेय, बाराबंकी से प्रियांशु गजेंद्र और देवास से राष्ट्रीय मंच संचालक शशिकांत शशि यादव होली-फाग से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। मातृशक्ति द्वारा गणगौर पूजन भी किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सीए एसएन गोयल और सचिव ओम अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के लिए लोगों में बहुत उत्साह है। स्वादिष्ट व्यंजन, ठंडाई और गुंजिया की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। संयोजक अरुण जैन और राजेश मित्तल चौधरी ने कहा कि फागुन का महीना आनंद और उल्लास का प्रतीक है। यह त्योहार अवसाद और भेदभाव को समाप्त करता है। सभी को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।

# लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षा और जागरुकता सबसे अहम

◆ लखनऊ विवि में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर के डॉ. पुनीत द्विवेदी विशेषज्ञ वक्ता के रुप में बोले





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स न केवल आर्थिक विकास को सुनिश्चित करते हैं, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा और सामाजिक न्याय के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। गरीबी उन्मूलन, भूखमरी का अंत, उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान, नवीकरणीय ऊर्जा की वृद्धि, लैंगिक समानता और समग्र प्राणी कल्याण से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षा और जागरूकता सबसे अहम है। हर व्यक्ति, संस्थान और सरकार को इस दिशा में सक्रिय रूप से काम करना होगा।

अर्थशास्त्र विभाग (लखनऊ विवि) द्वारा 'कारपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिल्टी एवं सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स का विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों पर प्रभाव' विषय पर आयोजित महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन में इंदौर के प्रमुख विचारक और विशेषज्ञ डॉ. पुनीत द्विवेदी (समूह निदेशक-ऑक्सफ़ोर्ड-इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज) ने मुख्य वक्ता (तकनीकी) के रूप में भाग लेकर यह विचार व्यक्त किए।

इस सम्मेलन को आईसीएसएसआर द्वारा समर्थित किया गया। उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मुख्य अतिथि रहे। समारोह में महत्वपूर्ण प्रेरणा का संचार करते हुए उन्होंने सस्टेनेबल डेवलपमेंट के महत्व और भारत की बढ़ती आर्थिक व सामाजिक चुनौतियों पर सबका ध्यान केंद्रित किया। सम्मेलन में देशभर से प्रतिभागियों, शोधार्थियों और अकादमिक विद्वानों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। समस्त प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी व्यक्तियों को प्रभावित किया। सम्मेलन का समन्वयन डॉ. हरनाम सिंह ने करते हुए प्रतिभागियों से विकास की विभिन्न संभावनाओं पर विचार साझा किए।

सम्मेलन में लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रो. ममुका खन्ना, प्रो. अरबिंद मोहन और अन्य संस्थानों से जुड़े शिक्षकों ने भी भाग लिया और विचार प्रस्तुत किए।

# मार्च में पहली बार ठंडक... अप्रैल और मई में रिकॉर्डतोड़ गर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसका मुख्य कारण वेस्टर्न डिस्टरबेंस और टर्फ को माना जा रहा है। हालांकि, सोमवार को भोपाल में सुबह से तेज धूप खिली रही, लेकिन हवा में ठंडक बनी रही। अनुमान है कि मंगलवार को गर्मी का असर कुछ कम रहेगा। मार्च के महीने में आमतौर पर तेज गर्मी, लू, बादल और हल्की बारिश का मिला-जुला मौसम रहता है। इस बार मार्च के पहले ही दिन शनिवार को मुरैना में ओले गिरे, जबकि रविवार को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पहले सप्ताह में बादल और बूंदाबांदी की संभावना है, लेकिन चौथे सप्ताह से लू का असर तेज होगा। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में 3 से 4 दिन तक लू चल सकती है। 20 मार्च के बाद कुछ जिलों में हल्की बारिश के भी आसार हैं। मार्च के शुरुआती 2 दिनों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जबकि रात का तापमान भी 20 डिग्री से अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल और मई में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। इन दो महीनों में ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में भी तीव्र गर्मी का असर देखने को मिलेगा। इस दौरान लू का प्रकोप तेज होगा और तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है। नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

## वुमन नाइट वॉकथॉन 'कदम' 7 मार्च को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 7 मार्च की रात शहर की सड़क गूंजेंगी महिला शक्ति के जोश से। हर कदम आत्मविश्वास और बदलाव की ओर बढ़ेंगे। इस दिन शाम 7 बजे से नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी दैनिक भास्कर वुमन वॉकथॉन 'कदम'। इसमें शहर की नारीशक्ति अपने जोश और हौसले का प्रदर्शन करेंगी। महिलाएं यहां न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी, बल्कि महिला सुरक्षा और शहर की स्वच्छता के लिए सामूहिक संकल्प भी लेंगी। पूरे शहर के लिए यह ऐतिहासिक पल होगा, जब सैकड़ों महिलाएं एक साथ अपने हौसले की मिसाल पेश करेंगी। इसमें भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क है। शुरुआत नेहरू स्टेडियम में संकल्प लेने के साथ होगी। वॉक यहां से गीता भवन और वहां से वापस शिवाजी वाटिका होते हुए नेहरू स्टेडियम पर खत्म होगी। इसमें इंदौर के कई महिला ग्रुप के सदस्य भी शामिल होंगी।

## गुरव समाज कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक संपन्न, प्रतीक चिन्ह का किया विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** स्थानीय गुरव समाज के प्रादेशिक संगठन गुरव समाज कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक का आयोजन रविवार को सनावद में प्रदेश अध्यक्ष बलराम काले, सनावद अध्यक्ष जुगनू सवनेर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों हरदा, खरगोन, सनावद, इंदौर, बड़वानी, टिमरनी, बड़वाह, सेंधवा, अन्य से गुरव समाज कल्याण संघ के 60 से अधिक सदस्य, पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वप्रथम महर्षि दधीचि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तदपश्चात बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपना परिचय दिया तथा नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत सम्मान किया गया। तथा तीन सदस्यों की नवनियुक्ति की गई। जिसमें उमेश चोलकर को प्रदेश प्रवक्ता और जयंत भद्रवाले को कार्यालय मंत्री, कार्यकारिणी प्रमुख मनीष निमाडे को नियुक्त किया गया। प्रिंट मीडिया प्रभारी हेमंत मोराने ने बताया कि बैठक दो सत्रों में गुरव समाज मांगलिक भवन राज मंदिर के पास सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संघ के प्रतीक चिन्ह का विमोचन किया गया। त्रैमासिक बैठक में कल्याण संघ के वर्ष 2025 में आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, आयोजनों की रूपरेखा पर चर्चा की गई और संघ के पूर्व के लंबित कार्यों पर निर्णय लिए गए। साथ ही आगामी माह में समाज के 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठजनों जिन्होंने पूर्व में समाज के लिए अपना योगदान दिया था उन्हें एक विशेष बड़े आयोजन के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

यातायात सुधार की मुहिम जारी

# तेजाजी नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हटाए गए अतिक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में यातायात सुधार के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में लगातार मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम के तहत सड़कों और फुटपाथ पर सामग्री रख कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है और अतिक्रमण हटाये जा रहे है। इसी सिलसिले में आज नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा झोन क्रमांक 13 में कार्रवाई की गई। बताया गया कि झोन क्रमांक 13 के अन्तर्गत तेजाजी नगर चौराहे क्षेत्र में फुटपाथ पर अवैध रूप से बने 27 टीन शेड हटाये गये। अन्य अतिक्रमण भी हटाये गए। उक्त कार्यवाही में एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया एवं जोनल अधिकारी



अंकेश बिरथरिया आदि उपस्थित थे। रिमूवल की टीम व यातायात बल द्वारा यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया गया। उक्त कार्यवाही में 19 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

## कार्रवाई से पहले थाने का मुंशी करता था सतर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर थाने के मुंशी लखन गुप्ता को पुलिस ने तेजाजी नगर थाने में गिरफ्तार कर हवालात में रखा है। उसकी संलिप्तता अपराधियों की कॉल डिटेल में सामने आई थी।**

एक आरोपी से गुप्त पूछताछ के दौरान उसने लखन गुप्ता का नाम लिया और बताया कि वे ड्रग तस्करों से लेन-देन करते थे। इसके बाद रविवार को पुलिस कमिश्नर को सूचना दी गई और लखन को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर ड्रग पैडलर से संबंधों के चलते लखन गुप्ता को आरोपी बनाया गया। उसकी गिरफ्तारी शाहरुख उर्फ पेट्रोल की निशानदेही पर हुई। आईपीएस अफसर करणदीप सिंह ने 200 ग्राम एमडी के साथ शाहरुख और विजय पाटीदार को पकड़ा था। उनकी मोबाइल डिटेल खंगालने पर शाहरुख के फोन में मुंशी लखन गुप्ता का नंबर मिला। इसके बाद जोन-1 के डीसीपी विनोद मीणा को सूचना दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लखन को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। लखन गुप्ता पर गंभीर आरोप हैं कि वह पुलिस कार्रवाई से पहले ही ड्रग पैडलरों को सतर्क कर देता था। साथ ही, इलाके के अन्य अपराधियों से भी उसका संपर्क था। इस मामले में गोपनीय जांच चल रही थी, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में कार्रवाई की गई।

## कंपनी मालिक के बेटे ने युवती के साथ होटल-ऑफिस में किया गलत काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कंपनी मालिक के बेटे ने युवती से शादी का बोलकर दो साल तक शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने उस पर आरोप लगाया कि जब आरोपी से शादी करने का पूछा तो उसने एन्जॉय करने की बात कहकर सबकुछ भुलाने की बात कही।**

मामला में शनिवार को छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपी प्रियांशु बडोद पर रेप केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता (25) 2022 से आरोपी के पिता की कंपनी में जॉब करती थी। अक्सर ऑफिस आने वाले मालिक के बेटे प्रियांशु से उसकी पहचान हो गई, उन दोनों की मोबाइल पर बात होने लगी। एक दिन प्रियांशु ने युवती को पसंद करने की बात कही। इसके बाद दोनों घूमने फिरने जाने लगे। प्रियांशु ने युवती से शादी करने की बात कहकर उसकी कुंडली मांगी और चुपचाप पंडित को दिखाई। साल जनवरी 2023 में आरोपी प्रियांशु पीड़िता के घर आया, वहां से उसे एअरपोर्ट इलाके की होटल एंजेल में लेकर गया। यहां पर उसकी सबंध बनाने की बात पर पीड़िता ने मना किया तो वह बोला- चिंता मत करो, वादा किया है तो शादी करूँगे। इसके बाद आरोपी ने सबंध बनाए। उस दिन के बाद आरोपी प्रियांशु ने कई कई बार होटल और अन्य जगह उससे संबंध बनाए। 26 दिसंबर को प्रियांशु आफिस पर आया। यहां भी गलत काम किया। 15 जनवरी 2025 को युवती ने प्रियांशु से शादी की बात की तो उसने इनकार कर दिया। दोनों के बीच में कहासुनी में युवती ने पूछा शादी नहीं करना थी तो संबंध क्यों बनाए। तब उसने कहा कि वह एन्जॉय कर रहा था और उसे छोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने आफिस जाना बंद कर दिया। परिवार नू पूछा तो पूरी घटना बताई। जिसके बाद आरोपी प्रियांशु के खिलाफ रेप केस दर्ज कर उसे पुलिस ने हिरासत में लिया।

## गार्ड ने सेल्समैन पर चलाई गोली

### सोते हुए वीडियो बनाने पर हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सपना-संगीता स्थित तनिष्क शोरूम में एक गार्ड ने सेल्समैन पर गोली चला दी। इस घटना के बाद पुलिस ने रात में ही आरोपी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि गार्ड का सोते हुए वीडियो सेल्समैन ने शोरूम के ग्रुप में भेज दिया था, जिससे सुपरवाइजर ने उसे फटकार लगाई थी। इसी बात से नाराज होकर गार्ड ने इस वारदात को अंजाम दिया।**



भंवरकुआं पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी गार्ड प्रमोद पांडे (पुत्र रामानुज पांडे) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने तनिष्क शोरूम में कार्यरत सेल्समैन संजय जगताप (49) निवासी प्रगति नगर पर गोली चलाई थी। पुलिस के अनुसार, संजय शनिवार रात शोरूम बंद होने के बाद अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाई के साथ पार्टी में गया था। रात करीब 12 बजे वह बाइक लेने लौटा तो उसने गार्ड को साइड में सोते हुए देखा। इस दौरान संजय ने गार्ड की फोटो और वीडियो लेकर ग्रुप पर डाल दी, जिससे सुपरवाइजर ने गार्ड को डांट दिया। रात 9:30 बजे संजय और प्रमोद के बीच इस मुद्दे पर बहस हुई, लेकिन बाद में दोनों में समझौता हो गया। हालांकि, रात 10:30 बजे जब संजय शोरूम से बाहर निकला, तो गार्ड ने अचानक उस पर गोली चला दी। गोली चलने के बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी गार्ड को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। गोलीकांड में संजय के हाथ, पेट, सीने और हथेलियों पर छर्रे लगे हैं, हालांकि उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। गोली शोरूम के शटर को आर-पार करते हुए निकल गई। पुलिस ने गार्ड की बंदूक जब्त कर ली है और उसके लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बैडमिंटन खेलने के बाद बिगड़ी तबीयत, डॉक्टर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में आई स्पेशलिस्ट डॉ. अनुराग श्रीवास्तव का सोमवार को अचानक निधन हो गया। बैडमिंटन खेलने के दौरान उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई। वे कुर्सी पर बैठे और बेसुध हो गए। साथी डॉक्टर ने उन्हें सीपीआर भी दिया। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। माना जा रहा है कि उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव की उम्र 64 वर्ष थी। उनकी पत्नी स्वीडन में हैं। उन्हें इस घटना की सूचना दे दी गई है। इधर, परिवार की सहमति से एमवाय हॉस्पिटल में डॉ. अनुराग का नेत्रदान किया गया। डॉ. अनुराग बैडमिंटन के अच्छे खिलाड़ी थे। वे रोज की तरह सोमवार सुबह सयाजी क्लब गए थे। वहां उन्होंने दो राउंड खेले। कुछ अच्छा महसूस नहीं होने के बाद सुबह करीब 8 बजे वे कुर्सी पर बैठ गए और एकदम निढाल हो गए। उनके नजदीकी डॉ. विक्रम गुप्ता ने बताया कि डॉ. श्रीवास्तव को तत्काल सीपीआर दिया गया, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मेदांता हॉस्पिटल ले जाने पर वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## महिला कांस्टेबल के बिना युवतियों को थाने ले गए पुलिसकर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना थाने में पुलिसकर्मियों और युवकों के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। घटना रविवार रात की है, जब एक कार में युवक-युवतियों की चेकिंग के दौरान दो युवक नशे में पाए गए। युवकों ने पुलिस से युवतियों को घर भेजने की मांग की, लेकिन महिला पुलिसकर्मी मौजूद न होने के बावजूद सभी को थाने भेज दिया गया।

युवकों का आरोप है कि पुलिस ने न केवल उनके साथ अभद्रता की, बल्कि थाने में उनके साथ मारपीट भी की। शशांक पांडे ने बताया कि जब वह अपने जबलपुर से आए चार दोस्तों और दो युवतियों के साथ कार में थे, तब चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें रोका। उन्होंने खुद शराब नहीं पी थी और गाड़ी चला रहे थे, जो ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में भी साफ हो गया। बावजूद इसके, पुलिस ने उनके दोस्त अरुण पांडे की जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने चालान बनाकर शशांक से हस्ताक्षर करवा लिए। शशांक के मुताबिक, पुलिस ने चालान बना दिया था, तब भी उन्होंने कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन जब उन्होंने अनुरोध किया कि युवतियों को टैक्सी आने तक कार में बैठने दिया जाए, तो पुलिस ने उनकी बात नहीं मानी और महिला पुलिसकर्मी मौजूद न होने के बावजूद सभी को थाने भेज दिया। थाने में युवकों को परिसर में बैठाया गया।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड के पोस्टर का इंदौर में विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भोपाल में आयोजित होने वाले विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड-2025 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आईसेक्ट क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर की ओर से हिंदी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 14 सितंबर को हिंदी दिवस से शुरू होकर 30 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय अनुदान दिवस तक चलेगा। संस्कार कॉलेज में इस आयोजन का पोस्टर विमोचन किया गया। इस आयोजन में भारत सहित 50 देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

ओलम्पियाड में हिंदी शोधार्थियों को अपना शोध प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न प्रदेशों में किताब यात्राएं निकाली जाएंगी और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं



को एक करोड़ रुपए के कुल पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन संस्कार कॉलेज के निदेशक शिवम खंडेलवाल, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र शर्मा, उपप्राचार्य डॉ. श्यामसुंदर पलोड़ और विभागाध्यक्ष एवं प्रशासक प्रो. शरद सिकरवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिए प्रदेशभर में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

2024 में महिलाओं-बच्चों से रेप, छेड़छाड़ के मामले घटे

# महिलाओं-बच्चियों पर अन्याय के खिलाफ सरकार और समाज मिलकर काम करे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की राज्य स्तरीय कार्यशाला में सोमवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि 2024 में महिलाओं-बच्चों से रेप, छेड़छाड़ के मामले घटे हैं।**



एमपी ही वो राज्य था जिसने महिलाओं खासकर बच्चों के प्रति इस प्रकार के अपराधों में मृत्युदंड का प्रावधान किया है। 2018 से 2024 के बीच देखें तो सरकार की सख्ती दिखाई देती है। यही कारण है कि लगभग 48 मामलों में कोर्ट ने मृत्युदंड का निर्णय दिया। सीएम ने कहा जिस समाज में बच्चे, किशोर, बालिकाएं अगर सुरक्षित हैं तभी भारत का भविष्य है। रामायण हमें बताती है कि सही व्यक्ति पर, सही दृष्टि, सही प्रकार से पड़ जाए तो दुनियां कहां से कहां पहुंच जाती है। आज महिलाओं, बालिकाओं के प्रति होने वाले अन्याय के खिलाफ सरकार और समाज मिलकर जागृति लाए। बाल आयोग जो बताएगा हम उसमें पूरी तरह से तैयार है। सीएम ने कहा जिस समाज में बच्चे, किशोर, बालिकाएं अगर सुरक्षित हैं तभी भारत का भविष्य है। कई बार मेरे मन में प्रश्न आता है कि भगवान श्री राम को जब विश्वामित्र जी राम लक्ष्मण को मांगने आए थे। उस समय उनकी आयु 11 साल थी। उस समय विश्वामित्र जी ने दशरथ जी की सेना क्यों नहीं मांगी, बच्चों को ही क्यों लिया? उनका ये निर्णय हम सबके लिए रहस्य है। लेकिन, सच्चे अर्थों में रामायण बनने की शुरुआत ही वहीं से होती है। जब वे राम-लक्ष्मण को ले जाते हैं तो बाल मन जिज्ञासु होकर पूछता है कि ये क्या है तो विश्वामित्र जी बताते हैं कि ये ऋषि मुनियों की हड्डियों के ढेर हैं। उनके ऊपर तमाम अत्याचार करके हड्डियों का ढ़ेर बना दिए गए। जैसे ही उनको पता चलता जाता वैसे ही सच्चे अर्थों में यथार्थ के जीवन से उनका परिचय होता जाता है। वे पुरुषार्थी थे तो उन्होंने उन कष्टों को खत्म किया। वो गए कहां थे और पहुंच कहां गए? ये दृष्टि समाज और समाज के माध्यम से गुरु की है। ये समाज की चेतना है कि समाज में उठने वाले सवालों के समाधान का रास्ता कैसे मिलता है ये रामायण हमें बताती है।

कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा- बच्चों को न्याय दिलाने के लिए जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि समाजसेवा का अवसर बार-बार नहीं मिलता। अपनी पूरी सजगता से बच्चों का संरक्षण हो ये ध्यान रखें। अनाथ बच्चा कहां जाएगा उसका पुनर्वास कहां होगा? ये अधिकार आप लोगों के पास है इस अधिकार से बच्चों के अधिकार संरक्षण का काम करें। जरूरतमंद बच्चे जो आप तक नहीं आ पाए उन तक आप पहुंचें। बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं। वह देश का भविष्य हैं यदि हमें प्रधानमंत्री मोदी जी के अनुरुप देश का भविष्य स्वर्णिम बनाना है तो आज के बच्चों के वर्तमान और भविष्य को भी संवारना होगा। कार्यशाला में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे, शिक्षा विभाग के डीईओ, डीपीसी, महिला बाल विकास विभाग के डीपीओ, ट्राइबल विभाग के एसी और बाल कल्याण समितियों के अध्यक्ष और सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे।

# जल्द होगी 8500 पुलिसकर्मियों की भर्ती

## 7500 सिपाही, 500 सब इंस्पेक्टर और 500 ऑफिस स्टाफ के पद शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में जल्द ही 8500 पुलिसकर्मियों की भर्ती की जाने वाली है। गृह विभाग के पास खाली पदों की जानकारी भेजी गई थी, जिसके बाद अब पुलिस भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। इस भर्ती से न केवल शासन के पास मौजूद पुलिस बल में इजाफा होगा बल्कि जनता भी पहले से ज्यादा महफूज होगी। वहीं जो लोग पुलिस में नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए भी ये खबर काम की है।



2 महीने पहले ही 7500 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। इसके बाद अब एक बार फिर 8500 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रदेश के इतिहास में शायद पहली बार होगा जब एक ही साल के अंदर 15500 पुलिसकर्मी चयनित होंगे और कानून व्यवस्था दुरुस्त हो सकेगी। बता दें कि 8500 पुलिसकर्मियों की इस भर्ती में 7500 सिपाही, 500 सब इंस्पेक्टर और 500 ऑफिस स्टाफ के पद शामिल किए गए हैं। प्रदेश में 8 साल बाद सब इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती की जाने वाली है। मध्यप्रदेश का गृह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव देखते हैं। ऐसे में पुलिस भर्ती का फैसला युवाओं और बेरोजगारों के लिए हितकरी होने की बात कही जा रही है। मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना में खुद सोशल मीडिया के जरिए 8500 पदों पर पुलिस भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की जानकारी दी है। बता दें कि इसके पहले भी जब मकवाना ने डीजीपी का पदभार संभाला था। तब उन्होंने देखा कि प्रदेश में केवल पुलिस बल एक लाख ही है और 25000 पद खाली पड़े हैं। हर साल रिटायर्ड होने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 500 से 700 है, जिससे बल कम हो रहा है। इस बात की जानकारी उन्होंने गृह विभाग को दी थी। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को तुरंत ही स्वीकार कर लिया था। 7500 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी भी कर ली गई है और इसका रिजल्ट आना बाकी है। वहीं अब 8500 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। गृह विभाग की ओर से सब इंस्पेक्टर पद की भर्ती के नियमों में संशोधन किया गया है। अब इन नियमों में सब इंस्पेक्टर रेडियो और फोटो फिंगरप्रिंट पद को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा अब 38 साल तक के उम्मीदवार सब इंस्पेक्टर पद की परीक्षा दे सकते हैं जबकि अब तक यह उम्र 36 साल रखी गई थी। नियमों में संशोधन होने से ज्यादा युवा भर्ती का हिस्सा बन सकेंगे। पुलिस में सब इंस्पेक्टर और सूबेदार पद की भर्ती बीते 8 सालों से नहीं हुई है। फिलहाल 1200 पद ऐसे हैं जो खाली है। भर्ती नियमों में संशोधन होने के बाद अब सब इंस्पेक्टर के 500 पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा स्टेनो और एएसआई के पद पर भी भर्ती होगी।

# हर्षा रिछारिया के अश्लील वीडियो हो रहे वायरल

## खुद 55 नामों की एफआईआर करने पहुंची क्राइम ब्रांच



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हालही में संपन्न हुए महाकुंभ से साध्वी के तौर पर चर्चा में आईं मध्य प्रदेश में रहने वाली हर्षा रिछारिया इन दिनों अपने एआई जनरेटेड अश्लील वीडियोज से परेशान हैं। हालही में वो इन एआई जनरेटेड फेक वीडियोज को लेकर आत्महत्या करने की धमकी दे चुकी हैं, इसके बाद भी जब ये मामले नहीं थमें तो वो सोमवार को भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच पहुंचीं और सोशल मीडिया की 55 फेक आईडीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।**

हर्षा रिछारिया ने सोशल मीडिया की 55 फेक आईडी के खिलाफ केस दर्ज कराने के बाद कहा, 'महाकुंभ से लेकर अब तक मेरे कई एआई जनरेटेड अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मेरे नाम से कई सारे फ्रॉड हो रहे हैं। कई विज्ञापन लिए जा रहे हैं, उन सभी 55 फेक आईडी के खिलाफ आज शिकायत दर्ज कराई है। मुझे उम्मीद है कि इन सभी को दंड मिलेगा, हर-हर महादेव जय श्री राम।' आपको बता दें कि, सोशल मीडिया पर वायरल ऐसे ही अश्लील कंटेंटों को लेकर हर्षा रिछारिया हालही में आत्महत्या करने तक की धमकी दे चुकी हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा था- 'मेरे पहचान के लोगों ने मेरे पुराने वीडियो शेयर किए। अब इस हद तक गिर गए कि एआई से मेरे फर्जी वीडियो बनाकर वायरल किए जा रहे हैं। मेरी बदनामी की जा रही है। जो लोग फर्जी वीडियो बना रहे हैं, उनके नाम मेरे पास आ चुके हैं। जिस दिन भी टूट गई, सुसाइड नोट में लिखकर जाऊंगी कि किसने मेरे साथ क्या किया।'

# दुष्कर्म केस के मामले में भाजपा नेता हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी।** भाजपा नेता और होटल कान्हा पैलेस के संचालक संजू यादव को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनके होटल में नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात हुई थी। इस मामले में रेप का मुख्य आरोपी रोहित साहू और उसके साथी विशाल साहू को शनिवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमवार को भाजपा नेता एसपी मनोहर मंडलोई से मिलने उनके ऑफिस पहुंचा था। उनसे मिलने के बाद जैसे ही वह बाहर निकला, उसे कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। एडिशनल एसपी सीताराम सत्या ने बताया कि पूछताछ के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर, मामला सामने आने के बाद भाजपा ने आरोपी नेता को पार्टी से निष्कासित कर दिया। कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने भी भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



रोहित साहू | विशाल साहू | संजय यादव

## संपादकीय

# जांच रिपोर्ट का कुछ अता-पता नहीं...

राष्ट्रीय राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी की रात को भगदड़ मच जाने से 18 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस मामले में रेल मंत्रालय ने नॉर्दर्न रेलवे के दो आला अधिकारी नरसिंह और पंकज गंगवार की एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन किया था। दावा किया गया था कि जांच कमिटी जल्द से जल्द इस हादसे की डिटेल जांच कर रिपोर्ट मंत्रालय और रेलवे बोर्ड को सौंपेगी। लेकिन हादसे के 17 दिन बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट का कुछ अता-पता नहीं है कि यह कब तक आएगी? हालांकि, इस मामले में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर से बात की गई तो उन्होंने कहा हादसे की जांच का काम तेजी से चल रहा है। जांच कमिटी हादसे की सीसीटीवी कैमरों में कैद तमाम फुटेज, रिकॉर्ड और साक्ष्यों का एनालिसिस कर रही है। हादसे से संबंधित तमाम कर्मचारियों और लोगों से पूछताछ कर उनके स्टेटमेंट रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। यह काम पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट आएगी। दूसरी तरफ, सूत्रों का कहना है कि इस रिपोर्ट पर कई बातें आधारित हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही दिल्ली पुलिस जीआरपी इस मामले में एफआईआर दर्ज कर फिर अपनी जांच शुरु कर सकेगी। जीआरपी भी रेलवे की इस जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। ताकि रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर अपनी तफ्तीश शुरु कर सके। लेकिन अभी तक रिपोर्ट ना आने से यह सारा मामला रुका हुआ है। सूत्र बताते हैं कि जीआरपी की भी हादसे की शुरुआती जांच में वही बाते सामने निकलकर आई हैं, जो की आरपीएफ की प्राथमिक जांच में आई थी। सूत्रों का यह भी कहना है कि हादसे में 18 लोगों की मौत के दौरान एक महिला यात्री लापता हो गई थी। लेकिन चार दिन बाद पता लगा था कि वह यूपी स्थित अपने घर सकुशल पहुंच गई थी। मामले में जीआरपी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि हादसे के मामले में जीआरपी की भी प्राथमिक जांच लगभग वही सामने आई है, जो की आरपीएफ की आई थी।

*Health is Wealth*

# तेजी से वजन बढ़ाती हैं ये 5 सब्जियां

## मोटापे से हैं परेशान तो डाइट में कम करें शामिल



**सब्जियों को हेल्दी फूड की कैटेगरी में रखा जाता है और इन्हें ज्यादा से ज्यादा खाने की सलाह भी दी जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि सब्जियों में कई तरह के पोषक तत्वों की भरमार होती है, जो जाहिर है हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आप जानते हैं इन पौष्टिक सब्जियों में कुछ ऐसी भी सब्जियां शामिल हैं, जिनका ज्यादा सेवन करने से आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है। ऐसे में अगर आप बढ़ते वजन की समस्या से परेशान हैं या खुद को स्लिम और फिट रखना चाहते हैं, तो आपको इन सब्जियों को एक लिमिट में ही खाना चाहिए। चलिए जानते हैं ये सब्जियां कौन सी हैं।**

### आलू से बढ़ता है वजन

आलू एक ऐसी सब्जी है, जो लगभग सभी की फेवरेट होती है। आलू सिर्फ सब्जी के रूप में इस्तेमाल नहीं होता बल्कि इससे कई अलग-अलग तरह की डिशेज बनाकर तैयार की जाती है। सबसे खास बात ये है कि इससे तैयार हर डिश काफी टेस्टी भी होती है। यही वजह है कि हर घर में आलू का इस्तेमाल खूब किया जाता है। लेकिन आपको बता दें कि आलू में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और शुगर पाया जाता है। ऐसे में ये आपका वजन तेजी से बढ़ा सकता है। अगर आप पहले ही मोटापे से परेशान हैं, तो आलू का सेवन कम करें।

### बींस या फलियां खाने से भी बढ़ सकता है वजन

बींस या फलियां कोई सी भी हों इन्हें खाने से वजन बढ़ता ही है। फिर चाहे क्लस्टर बींस हो या सोयाबीन, या फिर राजमा; इन सभी में प्रचुर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, फाइबर और कैलोरी मौजूद होती हैं। हालांकि बींस में कई अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर का वजन हेल्दी तरीके से बढ़ता है। अगर आप दुबले-पतले शरीर के हैं और अपने वजन को बढ़ाना चाहते हैं तब तो ये फूड आपके लिए बहुत ही फायदेमंद है। लेकिन अगर आप बढ़ते वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं, तब इन सब्जियों को लिमिट में खाना ही आपके लिए सही है।

### हरी मटर से भी होता है वेट गेन

सर्दियों के मौसम में हरी मटर की बहार सी आ जाती है। सब्जी बनानी हो, या पोहा, कुछ जगहों पर तो हरी मटर को यूं ही फ्राई कर के नाश्ते के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह खाने में काफी टेस्टी होते हैं और लगभग हर किसी के फेवरेट भी। लेकिन जानकारी के लिए बता दें कि हरी मटर का सेवन आपको लिमिट में ही करना चाहिए क्योंकि इसे ज्यादा खाने से आपका वजन तेजी से बढ़ सकता है। दरअसल हरी मटर में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फाइबर पाए जाते हैं जो हेल्थ के लिए तो लाभदायक हैं लेकिन साथ ही इनसे वजन भी तेजी से बढ़ता है।

### चुकंदर भी बढ़ाता है वजन

चुकंदर को बहुत ही हेल्दी फूड की कैटेगरी में रखा गया है। यह बॉडी के कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने का काम करता है। अक्सर लोगों को सलाद में चुकंदर खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन यही चुकंदर वजन को भी तेजी से बढ़ाता है। दरअसल चुकंदर में भरपूर मात्रा में कैलोरी पाई जाती है जिससे इसका सेवन करने से वजन तेजी से बढ़ता है। अगर आप हेल्दी तरीके से अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो चुकंदर आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। लेकिन अगर आप बढ़ते वजन से परेशान है, तो आपको चुकंदर का सेवन कम ही करना चाहिए।

### कद्दू से भी बढ़ता है वजन

कद्दू एक ऐसी सब्जी है जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसे विटामिन ए और सी का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसके अलावा इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो डाइजेशन को मेंटेन रखने में मदद करता है। अगर आप हेल्दी तरीके से अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं तो भी कद्दू आपके लिए बहुत ही फायदेमंद हो सकता है। लेकिन जो लोग खुद अपने बढ़े हुए वेट से परेशान हैं, उन्हें कम मात्रा में ही कद्दू खाना चाहिए।

Punjab

# किसान नेता दलजिंदर गिरफ्तार, कुलवंत सिंह नजरबंद... धरने से पहले चंडीगढ़ से पंजाब तक ताबड़तोड़ एक्शन

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब के किसान अपनी मांगों को लेकर सरकार के सामने लामबंद हैं. चंडीगढ़ धरने से पहले किसान नेताओं के घर पर पुलिस की कार्रवाई का मामला सामने आया है. भारतीय किसान यूनियन उगराहां के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां के घर पुलिस पहुंची, लेकिन जोगिंदर सिंह उगराहा घर पर मौजूद नहीं हैं. इसके साथ ही बरनाला जिले में भी कई किसान नेताओं के घर पुलिस पहुंची.

5 मार्च को चंडीगढ़ में लगने वाले मोर्चे के लिए मानसा पुलिस की ओर से बीती रात को किसानों के घरों में छापेमारी कर मानसा जिले के दर्जन के करीब किसानों को हिरासत में लिया गया है. किसानों के पहले



से तय मोर्चे पर जाने से पहले पुलिस ने किसान नेताओं के घरों पर छापा मारा. थाना पातड़ां के गांव मौलवीवाला में किसान नेता कुलवंत सिंह को नजरबंद किया गया है. सुबह पुलिस ने घर पर छापा मारा था. कुलवंत सिंह मौलवीवाला कुल हिंद किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं. कुल हिंद किसान सभा संयुक्त किसान मोर्चा का एक अहम हिस्सा है. किरती किसान यूनियन के ब्लॉक नेता दलजिंदर सिंह हरियाउ को भी गिरफ्तार किया गया है.

**'दिल्ली की हार का गुस्सा किसानों पर...'**
किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा, 'पंजाब सरकार दिल्ली हार का गुस्सा किसानों पर निकाल रही है, पंजाब में लोग सरकार की नीतियों से किए वादों और नशे सहित भ्रष्टाचार से तंग है. भगवंत मान तीन साल में किए हुए काम गिनवा दें.'

Rajasthan

# राजस्थान के राजसमंद में हिन्दुस्तान जिंक माइंस में भीषण आग



**राजसमंद, (एजेंसी) राजस्थान के राजसमंद में स्थित हिन्दुस्तान जिंक माइंस में मंगलवार को भीषण आग लग गई। राजपुरा दरीबा माइंस की लिफ्ट में आग लगी है। लिफ्ट के जरिए ही श्रमिक खदान में नीचे जाते हैं। कच्चा माल बाहर लाने वाले रास्ते में भी आग लगी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।**

राजसमंद जिले में रेलमगरा स्थित सिंदेसर कला में राजपुरा दरीबा माइंस है। यहां सुबह करीब 8 बजे भीषण आग लग गई। सूचना के बाद रेलमगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया गया। आग की लपटें काफी भयानक दिखीं और धुएं का गुबार भी आसमान तक छा गया। खबर लिखे जाने तक हादसे में किसी कर्मचारी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। आग लगने के बाद माइंस में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में श्रमिक आग की लपटों को देखकर चीखते-चिल्लाते रहे। दमकल कर्मियों को पहुंचने के बाद उन्होंने आग बुझाने में मदद भी की।

Maharashtra

# मुंबई पुलिस कांस्टेबल ने की आत्महत्या, तीन महीने पहले हुई थी शादी

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई पुलिस के एक 37 वर्षीय कांस्टेबल ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. घटना सोमवार दोपहर गोरेगांव इलाके में हुई. फिलहाल कांस्टेबल ने यह कदम क्यों उठाया, इसके वजहों को जानने के लिए जांच की जा रही है. अधिकारी के मुताबिक कांस्टेबल सुभाष कंगने कुरार पुलिस स्टेशन से जुड़े थे और गोरेगांव में रह रहे थे. उनकी तीन महीने पहले शादी हुई थी. उन्होंने अपने घर पर छत के पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली.सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कांस्टेबल को पास के अस्पताल ले गए, जहां उन्हें भर्ती करने से पहले मृत घोषित कर दिया गया. उनके परिवार के सदस्यों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है. अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक सूचना के आधार पर एक आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (ADR) दर्ज की गई है और आगे की जांच चल रही है. साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर उन्होंने ऐसा कदम क्यों उठाया.

Bihar

# बारात देखने गई छह साल की मासूम से हैवानियत, खून से लथपथ हो गई तब छोड़कर भागा आरोपी, हालत गंभीर

**बेतिया, (एजेंसी) बिहार के बेतिया में बारात देखने पड़ोस मे गई एक छह वर्षीय बच्ची से हैवानियत की गई है। मामलें मे कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपी और उसके पिता को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर रही है। घटना बगहा पुलिस जिले के भैरोगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की है। बताया जा रहा है कि पीड़िता के पड़ोस के एक घर में बारात आई हुई थी। वह बारात को देखने के लिए बच्ची गई थी। तब तक आरोपी ने उसे अकेले देख लिया। इसके बाद उसे उठाकर बगल के गन्ने के खेत में ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।**

पीड़िता चिखती-चिल्लाती रही लेकिन आरोपी ने उसकी नहीं सुनी। वही जब बच्ची खून से लथपथ हो गई तो उसे गन्ने के खेत मे छोड़कर वह फरार हो गया। बच्ची रोती बिलखती अपने घर पर पहुंची परिजन कपड़े में और शरीर में लगे खून को देख हैरान रह गए। इसके बाद बच्ची को फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया। परिजनों ने बच्ची से बच्ची ने जब आपबीती सुनाई तो सभी परिजन दंग रह गए। वहीं परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी राजवंशी पासवान तथा उसके पिता को हिरासत में लेकर घंटों पूछताछ की पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी के पिता को छोड़ दिया।

खेल

# भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत को मिल सकता है बड़ा सम्मान, लॉरियस वर्ल्ड कमबैक अवॉर्ड के लिए नामित

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बड़ा सम्मान दिया जा सकता है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने में सफल रहे थे। पंत को प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2025 में साल के सर्वश्रेष्ठ कमबैक अवॉर्ड के लिए नामित किए गए हैं। यह पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में आयोजित होगा।



पंत दिल्ली से रूड़की जाते वक्त 30 दिसंबर 2022 को कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शुरुआत में उनका इलाज देहरादून में हुआ था और फिर उन्हें एयरलिफ्ट कर मुंबई लाया गया जहां भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज चला। उनके घुटने के तीन लिगामेंट्स की सर्जरी की गई थी। पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब किया था।

पंत पिछले साल आईपीएल से मैदान पर वापसी करने में सफल रहे थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से वापसी की थी। पंत इसके बाद टी20 विश्व कप टीम में भी शामिल हुए थे। फिर उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। कार दुर्घटना में घायल होने के बाद वापसी करते हुए अपने पहले ही टेस्ट मैच में पंत ने शतक लगाया था। उनकी शानदार पारी से भारत वो मुकाबला 280 रन से जीतने में सफल रहा था।

पंत फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। पंत को हालांकि, अब तक तीनों मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला है और उनकी जगह केएल राहुल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेट के पीछे जिम्मा संभाला था और प्रभावित करने में सफल रहे थे।

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पंत 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 में हिस्सा लेंगे। पंत इस बार लखनऊ सुपरजाएंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। पंत आईपीएल 2025 के लिए पिछले साल हुई खिलाड़ियों की मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बने थे।

सिनेमा

# हमारे शरीर में रहते हैं 39 खरब बैक्टीरिया; कंटेस्टेंट से सुनकर चौंके अमिताभ बच्चन बोले, ये अंदर बैठे हैं...



कौन बनेगा करोड़पति 16 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने ह्यूमन बॉडी के बारे में जाना तो दंग रह गए। उनके सामने हॉट सीट पर बायोलॉजी की स्टूडेंट श्रृंजिनी थी। उसने बिग बी को बताया कि हमारे शरीर के अंदर खरबों बैक्टीरिया रहते हैं। जब अमिताभ बच्चन को यह पता चला तो उन्होंने कई सारे मजेदार सवाल कर डाले। केबीसी में अमिताभ बच्चन और कंटेस्टेंट्स के बीच मजेदार बातचीत देखने को मिलती है। श्रृंजिनी ने बताया कि वह बायोलॉजी पढ़ रही हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन को बताया कि इंसान के शरीर में 39 खरब बैक्टीरिया होते हैं। इस पर अमिताभ बच्चन बोले कि ये बैक्टीरिया शरीर में क्या करते हैं। इस पर श्रृंजिनी ने बताया कि कुछ नहीं करते बस शरीर के अंदर रहते हैं। इस पर अमिताभ बच्चन ने पूछा कि अगर वे कुछ नहीं करते तो शरीर के अंदर रहते क्यों हैं। उन्होंने पूछा,'हम क्यों उनकी देख-रेख कर रहे हैं, हमें नहीं चाहिए ये। हमारे अंदर बैठे हैं, इनसे कैसे निपटा जाए।' इस पर श्रृंजिनी ने अमिताभ बच्चन को बताया कि अगर हम साफ-सुथरी तरह से रहते हैं तो ये बैक्टीरिया हमारे शरीर को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। श्रृंजिनी कोलकाता के पश्चिम बंगाल से थीं। उन्होंने फास्टेस्ट फिंगर राउंड में फटाफट टेक्स्ट किया तो अमिताभ बच्चन हैरान रह गए।

## Highlights

1. **BRS' Kavitha launches postcard campaign against Congress**
2. **Man dies by suicide, accuses CISF officer of cheating & exploiting him in Karnataka**
3. **Minister Dhananjay Munde resigns after aide held for Sarpanch's murder in Maha**
4. **Old 'Kohli plays a British game' post of Congress' Shama resurfaces amid Rohit row**

# Wheat acreage at a three-year high: Forecast

**NEW DEIHI, (Agency).** The size of India's wheat crop, the main winter staple, has expanded to 328 million hectares, a three-year high, according to the season's final estimates by the Roller Flour Millers' Federation of India, the apex industry body.

The government too is expected to put out its updated estimates soon, as the grain, key to the country's food security, enters its maturing stage.

A senior official of the federation said geotagged surveys showed a robust jump in acreage, which will likely keep prices stable.

"The crop is in robust condition and ongoing rainfall due to the (western) disturbance has been greatly beneficial, although there prevails a bit of climate uncertainty, causing speculative activity," said Navneet Chitlangia, director of the federation at a



conclave.

"We have urged the government to lower import taxes to at least 10%, which will help quell any speculation in the markets and to also set up a wheat board on the lines of the Makhana (foxnut) Board in Bihar to bring scientists, policymakers and industry on a common platform," the federation official said.

Union food secretary Sanjeev Chopra said the government had sufficient stocks and sold 3 million tonnes to millers and traders this year so far. Chitlangia said this government sale helped to bring down wheat prices by about ₹300 per quintal (100 kg).

# What's new with the 8th pay commission? By how much can central government employee salaries get hiked?

**NEW DEIHI, (Agency).** The 8th Pay Commission was approved by the Union Cabinet on January 16, 2025 for revising the salaries of central government employees.

The National Council-Joint Consultative Machinery (NC-JCM) had asked for a fitment factor of at least 2.57 ( which is the same as the 7th Pay Commission) or higher, according to several reports.

What is fitment factor and what does a 2.57 fitment factor mean for central government employees?

Fitment factor refers to the multiplication unit which is



used for revising the base salaries and pensions of government employees.

For instance, a fitment factor of 2.57 means a 157 per cent salary hike.

As a result, the current minimum salary of ₹18,000 per month will then increase to ₹46,260.

Even the minimum pension of ₹9,000 per month will get hiked to ₹23,130.

The 7th Pay Commission had the same the 2.57 fitment factor which led to a 157 per cent hike in salaries and pensions, taking the minimum salary from ₹7,000 to ₹18,000.

There was also a demand for a fitment factor of 2.86 under the 8th Pay Commission, according to a News18 report. However, former finance secretary Subhash Garg in an interview said this was like "asking for the moon." He then suggested a fitment factor of around 1.92.

However, if the fitment factor of 1.92 gets approved, it will increase central government employees' minimum salary from ₹18,000 to ₹34,560, which is a hike of 92 per cent.

# आईआईटी इंदौर में बन रहा है नया हेल्थ प्लेटफॉर्म चरक डीटी

## आईआईटी के 15 स्टार्टअप्स को मिली 5 करोड़ रुपये की फंडिंग

◆ दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्री जितेंद्र सिंह और सांसद श्री शंकर लालवानी ने सौंपे पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पैरालिसिस, उम्र या अन्य किसी कारण से चलने-फिरने में असमर्थ लोग भी चल सकेंगे। ये अनोखा वियरेबल सॉल्यूशन एक स्टार्टअप नोवा वॉक ने बनाया है जिसे आईआईटी इंदौर ने इनक्यूबेट किया है। साथ ही किसी भी भाषा में डॉक्टर से बात करने के लिए एआई बेस्ड सॉल्यूशन भी बनाया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अल्ट्रासाउंड रोबोट की मदद से सोनोग्राफी करना आसान हो गया है और सुटकेस में आ जाने वाली पोर्टेबल ब्लड टेस्टिंग यूनिट भी अब मौजूद है।**



दिल्ली के हैबिटेट सेंटर में ऐसे 15 स्टार्टअप को फंडिंग दी गई जो हेल्थ केयर सेक्टर में अनूठे प्रयास कर रहे हैं। साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्री श्री जितेंद्र सिंह एवं इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में स्टार्टअप्स को फंडिंग का लेटर दिया। 15 स्टार्टअप्स को 5 करोड़ रुपये की फंडिंग दी गई है और ये राशि प्रत्येक स्टार्टअप के लिए बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये की जा सकती है। इन 15 में से कुछ स्टार्टअप आईआईटी के प्रोफेसर्स ने शुरू किए हैं तो कुछ भोपाल एम्स के डॉक्टर्स ने बनाए हैं, वहीं कुछ स्टार्टअप्स डॉक्टर और इंजीनियर्स ने मिलकर बनाए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब डॉक्टर्स, इंजीनियर का काम कर रहे हैं और कई इंजीनियर, डॉक्टर के मेडिकल क्षेत्र में काम कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी की मदद से यह संभव हुआ है और नई शिक्षा नीति 2020 के कारण बहुत जल्द छात्र विभिन्न विषयों का अध्ययन कर सकेंगे। वहीं इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री श्री जितेंद्र सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि आईआईटी इंदौर ने ऐसे स्टार्टअप्स की मदद की है जो हेल्थ केयर के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम कर रहे हैं। आज से 10-20 साल पहले जिन बीमारियों का इलाज असंभव लगता था वह आज स्टार्टअप्स ने संभव कर दिखाया है। इन स्टार्टअप्स की मदद से ग्रामीण क्षेत्र में भी उच्च स्तरीय हेल्थ केयर सुविधा पहुंचना संभव है।

इस अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सेक्रेटरी श्री अभय करंदीकर, आईआईटी इंदौर के डायरेक्टर प्रोफेसर सुहास जोशी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी मिनिस्ट्री के अंतर्गत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी की हेड डॉ. एकता कपूर मौजूद थीं।

# संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज पर 100% तक छूट

## नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को इंदौर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासन के निर्देश पर इंदौर में 8 मार्च को सभी 22 जोनल ऑफिस, रजिस्ट्रार ऑफिस और निगम मुख्यालय पर नेशनल लोक अदालत लगने जा रही है। इस नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर और जलकर को लेकर लोगों को कई फायदे मिलेंगे। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के तहत राज्य शासन के निर्देश पर निगम के सभी जोनल ऑफिस, निगम मुख्यालय पर 8 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर के सरचार्ज में निम्न शर्तों पर छूट दी जा रही है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत का लाभ लेने के लिए सभी संपत्तिकरदाताओं और जल-करदाताओं से टैक्स जमा कर अधिभार में छूट का लाभ लेने की अपील की है। 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी और अनियमितताओं के केसों का समझौते से निराकरण किया जाएगा। बिजली विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में पेंडिंग प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30% एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16% प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत% लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत और आंकलित राशि के भुगतान में चूक के निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिनों की अवधि समाप्त होने के प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16% प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100% छूट दी जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक